# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## प्रेस–नोट

**एफ.06 (6)/रालोसेआ/परीक्षा 'घ'/व.अ.विज्ञान (मा.शि.)/2024–2025/26 दिनांक : 30.6.2025**

आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2024 के 08 विषयों की परीक्षा का आयोजन दिनांक 07.09.2025 से 12.09.2025 तक करवाया जाना प्रस्तावित है।

उक्त परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों के अनुसार **दिनांक 30.06.2025 से 06.07.2025 तक अभ्यर्थी का नाम, फोटो, पिता के नाम, जन्म तिथि व लिंग के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।**

इस संबंध में **प्रेस–नोट दिनांक 27.06.2025 के क्रम में स्पष्ट किया जाता है कि** उक्त प्रेस नोट के साथ संलग्न सूची में उल्लेखित अभ्यर्थियों में से यदि किसी अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन में B.Ed धारित होने के पश्चात् भी उसका अंकन नहीं किया हैं अथवा जिन अभ्यर्थियों ने स्नातक के साथ समेकित बी.एड.(Integrated B.Ed) की है/कर रहे हैं, ऐसे अभ्यर्थी उक्त अवधि में पृथक् से B.Ed संशोधित (Edit) कर लेवें।

साथ ही ऐसे अभ्यर्थी जो विज्ञापन के अनुसार अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता/अर्हता धारित नहीं करते हैं, वे दिनांक 30.06.2025 से 06.07.2025 तक अपना ऑनलाइन आवेदन–पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर लेंवे। निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन–पत्र प्रत्याहरित नहीं करने पर ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध आयोग द्वारा जारी प्रेस–नोट दिनांक 27.06.2025 के अनुसार कार्रवाई की जावेगी।

(रामनिवास मेहता)
सचिव